[illegible]

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

11 आषाढ़ 1920 (श०)

(सं० पटना, 234) पटना, बृहस्पतिवार, 2 जुलाई, 1998

पशुपालन एवं मत्स्य विभाग

(पशुपालन)

अधिसूचना

2 जून 1998

सं० जी0 एस० आर० नं०-5 एस० (3) 1018।98—2484—भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का 52) की धारा 65 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार-राज्यपाल बिहार राज्य में राज्य पशु चिकित्सा परिषद् का गठन तथा उससे अनुषंगी मामले के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं:—

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

गोपाल कृष्ण,
सरकार के उप-सचिव ।

नियमावली 1

भाग I

प्रारम्भिक 1

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ—(1) यह नियमावली बिहार पशु चिकित्सा परिषद् नियमावली 1998 कही जा सकेगी ।

(2) यह शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा ।

(3) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा ।

2. परिभाषाएं—(1) जबतक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो इस नियमावली में—

(क) अधिनियम से अभिप्रेत है भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का 52)

(ख) राज्य परिषद् से अभिप्रेत है अधिनियम के अधीन स्थापित बिहार पशु चिकित्सा परिषद्,

(ग) निर्वाचन से अभिप्रेत है बिहार पशु चिकित्सा परिषद् का निर्वाचन।

(घ) निर्वाचन क्षेत्र से अभिप्रेत है वर्ग-1 जिसके प्रतिनिधि के निमित्त इस नियमावली के अधीन सदस्य या सदस्यों को निर्वाचित किया जाना है या किया गया है।

(च) रजिस्ट्रार से अभिप्रेत है बिहार पशु चिकित्सा परिषद् का रजिस्ट्रार।

(छ) अध्यक्ष से अभिप्रेत है बिहार पशु चिकित्सा परिषद् का अध्यक्ष।

(ज) मतदाता से अभिप्रेत है नियमावली के अधीन अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचन नामावली में दर्ज व्यक्ति का नाम।

(झ) प्रपत्र से अभिप्रेत है वह प्रपत्र जो इस नियमावली के उपाबद्ध है।

(ञ) (1) निर्वाचन पदाधिकारी से अभिप्रेत है रजिस्ट्रार अथवा निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए बिहार सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति।

(ट) धारा से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा।

(ठ) सेवा से अभिप्रेत है इस नियमावली के अधीन गठित सेवा।

(ड) "अधिकरण" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 45 के अधीन गठित बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकरण।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त और पृथक रूप से परिभाषित नहीं किये गये वैसे शब्द एवं अभिव्यक्ति जिन्हें विनिर्दिष्ट रूप से प्रमाणित नहीं किये गये हैं, उनके वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में समनुदेशित है।

भाग-II

निगमन एवं निर्वाचन

3. पशु चिकित्सा परिषद् का निगमन—राज्य पशु चिकित्सा परिषद् एक निगमित निकाय होगा जो बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के नाम से जाना जायेगा और उसे शाश्वत उत्तराधिकार और सामान्य मुहर होगी और चल-अचल दोनों सम्पत्तियों को अर्जित करने और धारण की शक्ति होगी तथा उक्त नाम से वाद चलायेगा या उस पर चलाया जायेगा।

4. पशुचिकित्सा परिषद् के निर्वाचन की सूचना—(1) जब कभी परिषद् का निर्वाचन अपेक्षित हो, तो रजिस्ट्रार, अन्तिम निर्वाचन नामावली की तैयारी के उपरान्त राज्य सरकार को सलाह देगी कि वह एक नोटिस जारी करें जिसमें निर्वाचकों को नोटिस में विनिर्दिष्ट तारीख तक परिषद् सदस्य निर्वाचित करने के लिये कहा जायेगा।

(2) अधिनियम की धारा 32बी उप-धारा (1) खण्ड (ग) के अधीन राज्य सरकार द्वारा योग्य तीन सदस्यों को मनोनीत किया जायेगा।

(3) अधिनियम की धारा 32 की उप-धारा (1) के खण्ड (ङ०) के अधीन मनोनयन, संयुक्त रूप से राज्य पशु-चिकित्सा संघ के महासचिव एवं अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यपालिका की सहमति प्राप्त करने के बाद किया जायेगा।

5. निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन और निर्वाचन नामावली का तैयार किया जाना—

(1) निर्वाचन क्षेत्र गठित करने के प्रयोजनार्थ बिहार राज्य को चार क्षेत्रों यथा-केन्द्रीय, उत्तरी, पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्र में बांटा जायेगा। केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत पटना और मगध प्रमंडल, उत्तरी क्षेत्र के अन्तर्गत तिरहुत, सारण एवं दरभंगा प्रमंडल, पूर्वी क्षेत्र के अन्तर्गत भागलपुर, मुंगेर, कोशी पूर्णियाँ और संथालपरगना प्रमंडल तथा दक्षिण क्षेत्र के अन्तर्गत उत्तरी एवं दक्षिणी छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल आयेंगे।

(2) रजिस्ट्रार निर्वाचन नामावली का विनिर्दिष्ट तिथि तक एक प्रारूप तैयार करेगा, जैसा कि प्रत्येक क्षेत्र के लिये पृथक रूप से उसके द्वारा अधिसूचित किया गया है जिसमें प्रत्येक निर्वाचक का नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, वर्त्तमान पता एवं रजिस्ट्रेशन संख्या समाविष्ट रहेगा, जैसा कि पशुचिकित्सा व्यवसायी पंजी में अंकित है। निर्वाचक नामावली प्रपत्र संख्या 1 में तैयार की जायेगी।

6. निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन:—निर्वाचन नामावली का प्रारूप रजिस्टार द्वारा नियम 5 के उपनियम (2) के अधीन यथा निमित निर्वाचक नामावली का प्रारूप नियम 7 में विहित रीति से शासकीय गजट में यथा अधिसूचित, सार्वजनिक निरीक्षण के लिए कम-से-कम तीस दिनों की अवधि के लिए प्रदर्शित किया जायेगा। रजिस्ट्रार एक नोटिस भी विनिर्दिष्ट तिथि तक गलत प्रविष्टियां या लोप संबंधी आपत्तियों को आमंत्रित करने के लिए जारी करेगा।

7. प्रदर्शन करने का तरीका:—निर्वाचक नामावली के संबंध में कोई भी आदेश सार नोटिस जिसे इस नियमावली के अधीन सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाना अपेक्षित है उसे निम्नलिखित पदाधिकारियों कार्यालय के बाहर सुगोचर स्थानों में चिपकाकर प्रदर्शित किया जायेगा।

(क) जिला दण्डाधिकारी।उपायुक्त।

(ख) परिषद् का रजिस्ट्रार।

(ग) क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन।

(घ) जिला पशुपालन पदाधिकारी।

8. आपत्तियां और उसका निपटारा:-(1) लोप या गलत प्रविष्टि के संबंध में सभी आपत्तियां उस व्यक्ति द्वारा सम्यक रूप से प्रपत्र संख्या-2 में भरी जायेगी और हस्ताक्षरित होगी जो नामावली में गलत पविष्टि या लोप की शुद्धि चाहते हैं।

(2) किसी नाम को समावेश करने के संबंध में सभी आपत्तियां आपत्ति करने वाले व्यक्ति द्वारा सम्यक् रूप से प्रपत्र संख्या-3 में भरी जायेगी और हस्ताक्षरित होगी और ऐसी आपत्ति उस व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की जायेगी तथा वैसे अन्य व्यक्ति द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होगी जिनका नाम नामावली में अंकित हो:

(3) नियम 8 के उपनियम (1) और (2) के अधीन सभी आपत्तियां परिषद के रजिस्टार के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी जिसे वह लिखित रूप में एक आदेश द्वारा विनिश्चित करेगा।

(4) रजिस्टार का विनिश्चय ऐसी आपत्ति पर अंतिम होगा।

9. निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन:—(1) रजिस्ट्रार आपत्तियां यदि कोई हो, के निपटारे के पश्चात क्षेत्र के आधार पर अंतिम निर्वाचक नामावली तैयार करेगा, उसे मुद्रित करायेगा और नियम-7 के अन्तर्गत प्रदर्शित करायेगा। निर्वाचक नामावली की आपूर्ति परिषद् द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उन व्यक्तियों को की जायेगी जो इसके लिए आवेदन करेंगे। प्रत्येक क्षेत्र के लिए परिषद के गठन के लिये तैयार की गयी निर्वाचक नामावली की कीमत एक सौ रुपये होगी तथा निर्वाचक नामावली के मूल्य में समय-समय पर राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा संशोधन कर सकेगी।

(2) कोई भी व्यक्ति जिसका नाम अन्तिम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, निर्वाचन में भाग लेने का हकदार नहीं होगा।

(3) रजिस्ट्रार बिहार गजट में प्रकाशनार्थ अन्तिम निर्वाचक नामावली की एक प्रति राज्य सरकार को भेजेगा।

10. रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी––

(1) निर्वाचक नामावली की प्रतिलिपि की प्राप्ति के बाद राज्य सरकार रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करेगी जो या तो रजिस्ट्रार होगा अथवा सरकार द्वारा नियुक्त कोई पदाधिकारी जो उप-सचिव से अन्यून श्रेणी का हो।

(2) राज्य सरकार रिटर्निंग अधिकारी के सहायतार्थ हरेक निर्वाचन क्षेत्र के लिये एक या अधिक व्यक्तियों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगी।

(3) जब कभी रिटर्निंग अधिकारी अपरिहार्य कारण से अनुपस्थित हो या अस्वस्थ हो तो सहायक रिटर्निंग अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी के नियंत्रण से सभी या कोई कृत्यों को उनके द्वारा प्राधिकृत किये जायें, करने में सक्षम होंगे।

11. निर्वाचन कार्यक्रम––निर्वाचक नामावली के अन्तिम रूप से प्रकाशित होने के बाद, रजिस्ट्रार परिषद के निर्वाचन के लिये नोटिस जारी करेगा और निर्वाचन कार्यक्रम को तैयार और प्रकाशित करेगा तथा वह निर्धारित करेगा––

(क) नाम निर्देशन दाखिल करने की अन्तिम तिथि, नोटिस प्रकाशन के सातवां दिन होगा, और यदि वह दिन सार्वजनिक अवकाश का दिन हो, तो उसका उत्तरवर्ती दिन होगा जो सार्वजनिक अवकाश का दिन नहीं हो,

(ख) नाम निर्देशन की समीक्षा की तिथि नाम निर्देशन करने के अन्तिम दिन के बाद दूसरा दिन होगा वह दिन सार्वजनिक अवकाश का दिन हो, उत्तरवर्ती दिन होगा जो सार्वजनिक अवकाश का दिन नहीं हो,

(ग) उम्मीदवारी की वापसी की अन्तिम तिथि नाम निर्देशन की संवीक्षा के पश्चात दूसरा दिन होगा और यदि वह दिन सार्वजनिक अवकाश हो, तो उसका उत्तरवर्ती दिन होगा जो सार्वजनिक अवकाश का दिन न हो,

(घ) मतदान यदि आवश्यकता हो तो वैसी तिथि या तिथि उम्मीदवारी वापस लेने की अन्तिम तिथि के बाद की कम से कम पन्द्रह दिन से पहले न हो,

(ङ) मतगणना एवं परिणाम घोषणा की तिथि समय, स्थान, मतदान की तिथि से तीसरे दिन से आगे न होगा। यदि सम्भव हो तो मतदान की समाप्ति के बाद मतगणना एवं परिणाम की घोषणा उसी तिथि को की जा सकेगी।

(2) इस प्रकार तैयार और प्रकाशित निर्वाचन कार्यक्रम में तिथि, समय और स्थान, विनिर्दिष्ट रहेगा, जः से नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त किया जाना है या परिदत्त करना है।

12. उम्मीदवारों का नाम निर्देशन––नियमावली के अधीन प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली में जिस व्यक्ति का नाम है, वह परिषद् में निर्वाचन के लिए उम्मीदवार के रूप में, नाम निर्देशन-पत्र दाखिल कर सकता है।

13. नाम निर्देशन-पत्र की प्रस्तुति एवं वैध नाम निर्देशन की अपेक्षा––

(1) चुनाव लड़ने का इच्छुक सदस्य रिटर्निंग अधिकारी को प्रपत्र संख्या 4 में व्यक्तिगत रूप से नाम निर्देशन-पत्रों को परिदत्त करेगा परन्तु वह कि कतिपय अपरिहार्य कारणों से, यदि कोई उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से अपना नाम निर्देशन-पत्र परिदत्त करने में असमर्थ हों तो प्रपत्र संख्या-4 में सम्यक् रूप से भरा गया उसका नाम निर्देशन-पत्र उसके प्रस्तावक या समर्थक द्वारा परिदत्त किया जायेगा।

(2) प्रत्येक नाम निर्देशन-पत्र दो निर्वाचकों द्वारा हस्ताक्षरित होगा,एक प्रस्तावक और दूसरा समर्थक के रूप में तथा प्रस्तावित उम्मीदवार द्वारा अनुमत होगा :

परन्तु यह कि एक उम्मीदवार से अधिक के लिए प्रस्तावक का समर्थक के रूप में,कोई भी निर्वाचक हस्ताक्षरित नहीं करेगा।

(3) प्रत्येक नाम निर्देशन-पत्र की प्राप्ति पर, रिटर्निंग अधिकारी उसपर प्राप्ति की तिथि और समय अंकित करेगा।

14. नाम निर्देशन-पत्रों की अस्वीकृति––नाम निर्देशन-पत्र जो अधिसूचित समय एवं तिथि या उसके पूर्व न प्राप्त हो, तो अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

15. जमा की जाने वाली प्रतिभूति––

(1) नाम निर्देशन-पत्र भरनेवाला प्रत्येक अभ्यर्थी प्रति जमा के रूप में रजिस्ट्रार बिहार पशु चिकित्सा परिषद्, पटना-14, को देय भारतीय स्टेट बैंक पटना सचिवालय शाखा पर लिया गया 500 (पाँच सौ) रुपये या वह राशि जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचना द्वारा नियत हो, का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करेगा और जब अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों द्वारा अपनी प्रतिभूति जमा के रूप में बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं किया जायगा तब उनके नाम निर्देशन-पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जायगा।

(2) यदि कोई अभ्यिथी अपनी उम्मीदवारी वापस लेता है अथवा यदि किसी अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाता है तो प्रतिभूति वापस कर दी जायगी अथवा यदि मतदान आरंभ होने के पूर्व किसी अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाय तो उसके विधिक प्रतिनिधि को प्रतिभूति वापस कर दी जायगी;

(3) यदि कोई अभ्यर्थी निर्वाचित न हो और उसको प्राप्त मतों की संख्या मतदान किये गये कुल मतों के एक तिहाई से कम हो तो उसके द्वारा जमा के गई प्रतिभूति जमा परिषद को समाहृत हो जायगी;

(4) प्रतिभूति जमा यदि समाहृत न हो तो राजपत्र में निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के तुरन्त बाद यथा स्थिति अभ्यार्थी या उसके विधिक प्रतिनिधि को वापस कर दी जायगी।

16. नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा––

(1) नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के लिये रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नियत तिथि और समय पर अभ्यर्थी अथवा प्रत्येक अभ्यर्थी का प्रस्ताव या समर्थक अथवा अभ्यार्थी द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत अन्य ऐसे प्रतिनिधि उनकी ओर से रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित रह सकते है, जिन्हें वह सभी अभ्यर्थियों से प्राप्त,नाम निर्देशन पत्रों की जाँच करने हेतु अनुमति देगें।

(2) इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच करेगा और ऐसे सभी प्रश्नों पर निर्णय लेगा जो सभी अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की तिथि मान्यता के संबंध में उठाये जायेंगें और प्रत्येक नाम निर्देशन पत्र पर उसके स्वीकृत या अस्वीकृत होने के संबंध में अपना निर्णय अंकित करेगा और यदि वह अस्वीकृत करे तो अपना कारण लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।

17. उम्मीदवारी की वापसी––कोई भी अभ्यर्थी लिखित रूप में अपने हस्ताक्षर से वापसी के लिये नियत तिथि और समय की समाप्ति के पूर्व रिटर्निंग अधिकारी को सूचना देकर अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकेगा। इस प्रकार अपनी उम्मीदवारी वापस लेनेवाले किसी भी अभ्यर्थी को अपनी वापसी रद्द करने की अनुमति दी जायगी।

18. निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन:

(1) रिटर्निंग अधिकारी वापसी के लिये नियत तारीख और समय की समाप्ति पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार और प्रकाशित करेगा जिनके नाम निर्देशन विधि मान्य पाये गये हों।

(2) सूची में नाम निर्देशन पत्रों में दिये गये निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के पता के साथ-साथ वर्णक्रमानुसार नाम अंतर्विष्ट रहेंगें।

(3) प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रपत्र संख्या 5 में एक पृथक सूची होगी।

(4) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम मत-पत्र में प्रपत्र संख्या 6 में प्रविष्टि किये जायेंगे।

(5) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नामों को अंतर्विष्ट करने वाली सूची राजपत्र में प्रकाशित की जायगी तथा इन नियमों के प्रावधानों के अधीन प्रदर्शित की जायगी।

19. निर्वाचन के पूर्व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की मृत्यु—कोई भी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, जिसका नाम निर्देशन पत्र जांच में विधि मान्य पाया गया है और जिसने अपनी उम्मीदवारी वापस न ली हो, यदि मर जाता है और मतदान आरंभ होने के पूर्व रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इस संबंध में जानकारी प्राप्त होती है तो रिटर्निंग अधिकारी सत्यापन के बाद समाधान हो जाने पर मतदान को प्रत्यादिष्टि कर देगा :

परन्तु यह कि यदि अभ्यर्थी की मृत्यु की जानकारी मतदान आरंभ होने के बाद प्राप्त होती है तो निर्वाचन प्रत्यादिष्ट नहीं किया जायगा।

20. निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थी यदि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की संख्या निर्वाचन क्षेत्र में रिक्ति की संख्या के बराबर हो तो रिटर्निंग अधिकारी वैसे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित कर देगा और उस व्यक्ति का नाम अध्यक्ष और राज्य सरकार को अग्रेषित कर देगा।

21. जब मतदान आवश्यक हो—जब किसी निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक हो तो अधिसूचित तारीख को मतदान कराया जायेगा।

22. मतदान की पद्धति—

(1) रिटर्निंग अधिकारी, विधि मान्य नाम निर्देशन की सूची के प्रकाशन के बाद, सहायक रिटर्निंग अधिकारी की सहायता से प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करायेगा।

(2) रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिये मतदान हेतु तारीखा एवं समय को पृथक रुप से अधिसूचित करेगा और सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतदान स्थल पर मतदान की तिथि को दो दिन पूर्व भेज देगा जो रिटर्निंग अधिकारी के निदेशानुसार मतदान हेतु आवश्यक व्यवस्था करेगा।

(3) रिटर्निंग अधिकारी कम से कम एक दिन पूर्व मतदान स्थल पर पहुंच जायेगा और सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की जांच कर लेगा।

(4) रिटर्निंग अधिकारी मतदान के संचालन के सहायक रिटर्निंग अधिकारी या सरकार द्वारा कार्यपालक अनुदेश माध्यम से अनुदेशित अन्य पदाधिकारी के माध्यम से निम्नलिखित मतदान सामग्रियों और प्रपत्रों को भेज देगा :—

(अ) सामग्री—

(क) मत पेटियां—2
(ख) सेल्फ इंकिंग पैड (बैंगनी)—2
(ग) मतपत्र पर चिह्न लगाने के लिये तीर छाप रबर स्टाम्प—2
(घ) मतपेटी में मतपत्र घुसेड़ने के लिये पुशर—1
(ङ) निर्वाची पदाधिकारी के लिये धातु की मुहर—1
(च) मतपत्र को अधकट्टी से अलग करने हेतु धातु का रूलर—1
(छ) निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र के नाम का रबर स्टाम्प—1
(ज) मुहर लगाने से पहले मतपेटी को सुरक्षित रूप से बंद करने हेतु लचीली तार—2 मीटर।
(झ) लाह-2 अदद।
(ञ) बाल प्वायंट पेन—2 एक लाल और एक नीला
(त) मोमबत्ती बड़ी—2
(थ) दियासलाई—1

(द) गोंद—1
(ध) रिटर्निंग अधिकारी के लिये बैंज—2
(न) सहायक रिटर्निंग अधिकारी के लिये बैंज—2
(ट) सादा काजग—12 सीट
(ठ) कार्बन पेपर—6 सीट
(ड) रैपिंग पेपर—2 सीट
(ढ) मतपेटी को सुरक्षित करने हेतु सूता का फीता—1 रौल
(ण) अधिक स्याही को हटाने के लिये कपड़े—2 मीटर अथवा रैप का टुकड़ा
(प) मतकक्ष (बोटिंग कम्पार्टमेंट)—2
(फ) मतकक्ष को लगाने हेतु ड्राइंग पीन—12
(ब) निर्वाचन नामावली—2
(भ) मतपेटी हेतु कपड़े का थैला—2
(म) सूतली—18 मीटर
(य) पीन—4 पैकेट
(र) मतगणना ट्रे—10

नोट—उपर्युक्त सभी मतदान सामग्री कड़े पौलिथीन थैले में आपूर्त्ति की जायेगी।

(आ) प्रपत्र—

(क) मतदान।मतगणना अभिकर्त्ता की नियुक्ति हेतु प्रपत्र संख्या 7 प्रत्येक—12
(ख) मतदान लेखा प्रपत्र संख्या 8—2
(ग) मतपेटी के बाहर चिपकाने के लिये लेबुल—2
(घ) मतपेटी के अन्दर रखने हेतु पते की चिट—2
(ङ) मतदान।मतगणना अभिकर्त्ता हेतु प्रवेश-पत्र प्रत्येक—12

(इ) पोस्टर—

(क) चुनाव लड़नेवाले उम्मीदावरों की सूची-2 प्रपत्र संख्या—5
(ख) मतदान क्षेत्र जिला संबंधी सूचना मतदान का समय—2

(ई) लिफाफा (कभर)—

(क) निर्वाचन नामावली की चिह्नित प्रति—1
(ख) निर्वाचन नामावली की दूसरी प्रति—1
(ग) मतदान अभिकर्त्ता का नियुक्ति पत्र—1
(घ) अव्यवहृत मतपत्र (अहस्ताक्षरित)—1
(ङ) हस्ताक्षरित परन्तु अव्यवहृत मतपत्र—1
(च) मतपत्र लेखा
(छ) लौटाये गये, खराब हुए तथा अन्य रद्द किये गये मतपत्र—1
(ज) व्यवहृत मतपत्रों की अधकट्टी—1

(5) प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिये पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय मुख्यालय के किसी कार्यालय में मतदान केन्द्र अवस्थित होगा जिसे रिटर्निंग अधिकारी अधिसूचित करेगा।

(6) रिटर्निंग अधिकारी एक सूचना मतदान केन्द्र के बाहर प्रदर्शित करेगा जिसमें निम्नलिखित अंतर्विष्ट रहेंगे—

(क) मतदान क्षेत्र।निर्वाचन क्षेत्र,
(ख) प्रपत्र संख्या-5 में निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों की सूची की प्रति।

(7) सामान्यत: प्रत्येक बण्डल में 50 मतपत्र होंगे। मतदाता को मत निर्गत किये जाने के पूर्व मतपत्र और उसकी अधकट्टी दोनों की पीठ पर दाहिने ओर ऊपरी कोने पर सुभिन्नक चिह्न निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र के नाम का स्टाम्प लगाया जायेगा। गतिरोध के बिना मतपत्रों के निर्गम में सुविधा प्रदान करने हेतु और किसी भी मतपत्र के बिना सुभिन्नक चिह्न के निर्गम होने की संभावना को दूर करने के लिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी मतदान के लिये एक दिन पूर्व अथवा रिटर्निंग अधिकारी के निदेशानुसार सुभिन्नक चिह्न लगा देगा।

मतदान केन्द्र पर उपयोग में लाये जानेवाले मतपत्रों को प्रथम एवं अंतिम क्रम संख्या मतदान आरंभ होने के पूर्व मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान अभिकर्त्ताओं के सामने घोषित कर दी जायेगी।

(8) निर्वाचक को मतपत्र निर्गत करने के पूर्व रिटर्निंग अधिकारी मतपत्र के बण्डलों को इस प्रकार मिला देगा कि मतदाता को मतपत्र बेतरतीब रूप से दिया जा सके न कि क्रमवार में।

(9) रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक मतपत्र की पीठ पर उसे मतदाता को निर्गत करने के पूर्व अपना हस्ताक्षर अंकित कर देगा।

(10) जब निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों की संख्या नौ से अधिक न हो तो मतपत्र केवल एक कॉलम में छापे जायेंगे और यदि निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों की संख्या नौ से अधिक हो तो मतपत्र दो कॉलम में छापे जायेंगे।

(11) मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतदाता की पहचान का जांच का प्रभारी होगा, इसके पहचान-पत्र के द्वारा मतदाता की पहचान का सत्यापन करेगा तथा सूची में मतदाता के नाम को चिह्नित कर देगा, यदि मतदाता, खो जाने, बर्बाद होने या गुप्त हो जाने के चलते अपना पहचान-पत्र न लाये तो उसे जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज आकार का फोटो, अपना पूरा नाम, पदनाम और रजिस्ट्रीकरण संख्या दर्शाते हुए प्रस्तुत करना होगा जिसके द्वारा मतदाता की पहचान सत्यापित की जायेगी। ऐसा फोटो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा लिया जायेगा जिसे मतगणना के बाद वापस किया जायेगा जहां पर मतदाता की पहचान के संबंध में कोई शंका उत्पन्न हो अथवा मतदान अभिकर्त्ता द्वारा उस मतदाता के विरुद्ध प्रतिवाद किया जाय, वहां मतदाता को मतदान की स्वीकृति तबतक नहीं दी जायेगी जबतक कि उसकी पहचान स्थापित न हो जाय। शंका का प्रतिवाद की दशा में रिटर्निंग अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। जब मतदाता की पहचान सम्यक् रूप से सत्यापित हो जाय और मतदान अभिकर्त्ताओं द्वारा प्रतिवाद न किया जाय तो मतदाता से द्वितीय सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास जाने को कहा जायेगा जो मतपत्र के अधकट्टी पर मतदाता का हस्ताक्षर प्राप्त करने के बाद मतपत्र आपूरित करेगा मतदाता को तब मतदान कक्ष में जाने के लिये कहा जायेगा जहां पर वह उसपर अभ्यर्थी के नाम के सामने जिसे वह मत देना चाहता हो, अपने से (×) का चिह्न लगा देगा। इसके पश्चात् मतदाता मोड़ा हुआ मतपत्र लायेगा और उसे रिटर्निंग अधिकारी के सामने रखी मतपेटी के अन्दर डाल देगा।

(12) निर्वाचन के लिये जब कभी एलेक्ट्रोनिक मतदान मशीन का उपयोग में लायी जाय तब नियम में प्रतिपादित मतदान और मतगणना की पद्धति स्वतः रूपान्तरित समझी जायेगी।

23. मतदान अभिकर्त्ताओं की उपस्थिति—प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी ओर से अधिक-से-अधिक दो मतदान अभिकर्त्ताओं को प्रपत्र संख्या 7 में नाम निर्देशन करने का अधिकार होगा। अभ्यर्थी के मतदान अभिकर्त्ता मतदान आरम्भ होने के कम-से-कम पन्द्रह मिनट पूर्व मतपेटी को सील करने के समय उपस्थित रहने के उद्देश्य से मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहेंगे।

24. मतदान अभिकर्त्ताओं के बैठने की व्यवस्था—मतदान अभिकर्त्ताओं को सुविधानुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पीछे बैठने का स्थान दिया जायेगा।

25. मतदान केन्द्र के अन्दर धूम्रपान निषेध—मतदान केन्द्र के अन्दर धूम्रपान करने की स्वीकृति किसी व्यक्ति को नहीं होगी।

26. मतपेटी की तैयारी—मतपेटी सील करने की तैयारी मतदान आरंभ होने के अनुसूचित समय से दस-पन्द्रह मिनट पहले शुरू की जायेगी। मतपेटी सील किये जाने के पूर्व मतदान अभिकर्त्ताओं को उसे निरीक्षण करने की अनुमति दी जायेगी। उस समय तक यदि कोई मतदान अभीकर्त्ता नहीं पहुंचे हों तो रिटर्निंग अधिकारी को उनके पहुंचने की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होगी और मतपेटी मतदान आरम्भ होने के नियत समय पर सील कर दी जायेगी। पेटी के अन्दर पते की चिट डाल दी जायेगी और उसकी प्रति पेटी के बाहर चिपका दी जायेगी। मतपेटी का क्रमांक पते की चिट पर उल्लिखित रहेगा।

27. मतपेटी का निर्माण—मतपेटी ताला बंद करने की व्यवस्था के साथ साधारण टीन।कलईदार लोहे की चादर की होगी।

28. मतपत्रों का लेखा-जोखा मतदान बंद होने के बाद प्रपत्र संख्या 8 में मतदान का लेखा तैयार किया जायेगा। मतपत्रों की कुल संख्या निम्नलिखित के कुल योगों के अनुरूप होगी :—

(क) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित व्यवहृत मतपत्र।
(ख) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित अव्यवहृत मतपत्र।
(ग) मतदाताओं को निर्गत किये गये मतपत्र।
(घ) किसी कारण से रद्द किये गये मतपत्र।

29. मतपत्रों का रद्दीकरण—(1) यदि कोई निर्वाचक मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन करे तो उसे कोई मतपत्र नहीं दिया जायेगा और यदि मतपत्र उसे निर्गत किया गया हो तो वापस ले लिया जायेगा और उसे रद्द कर दिया जायेगा तथा मतपत्र और उसकी अधकट्टी पर निम्नलिखित अंकित कर दिया जायेगा :—
"रद्द" मतदान प्रक्रिया उल्लंघन।

(2) त्रुटिपूर्ण मतपत्र भी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा रद्द कर दिये जायेंगे और मतपत्र और अधकट्टी दोनों पर निम्नलिखित अंकित कर दिया जायेगा :—
"रद्द त्रुटिपूर्ण मतपत्र"।

(3) यदि मतदाता मतपत्र प्राप्त करने के बाद मत देना नहीं चाहता हो तो उसे बिना चिह्नित किये वापस कर देगा। ऐसे मतपत्र और उसकी अधकट्टी दोनों पर निम्नलिखित अंकित कर रद्द कर दिया जायेगा :—
"रद्द वापस"

(4) यदि कोई मतदाता सर्वप्रथम किसी एक अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान पर चिह्न लगा चुका हो और पूर्ण विचार से दूसरे अभ्यर्थी को मत देना चाहता हो अथवा उसे खराब कर दिया हो और वापस करे तो किसी भी दशा में उसे नया मतपत्र नहीं दिया जायेगा। इस प्रकार वापस किया गया मतपत्र नियम 29 के उप-नियम (3) के अधीन रद्द कर दिया जायेगा।

30. मतगणना—जब मतदान समाप्त हो जाय तो रिटर्निंग अधिकारी मतगणना अधिकारियों को नियुक्त करेगा जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता न हों। अभ्यर्थियों अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत मतगणना अभिकर्त्ता, यदि उपस्थित हों, की उपस्थिति में मतपेटी खोली जायेगी। डाले गये मतपत्रों को विभिन्न अभ्यर्थियों को आवंटित अलग-अलग ट्रे में बांटा जायेगा और गणना की जायेगी तथा रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रपत्र संख्या-8 में अभिलिखित की जायेगी।

31. मतपत्रों की समीक्षा और अस्वीकृति के आधार।विभिन्न अभ्यर्थियों को आवंटित अलग-अलग ट्रे में मतपत्रों को छांटने की प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक मतपत्र की पूर्णरुप से जांच की जायेगी और अविधिमान्य मतपत्रों को पृथक ट्रे में मतपत्र दिया जायेगा और विधि अथवा अविधिमान्य मतपत्र की गणना पृथक रूप में की जायेगी। कोई भी मतपत्र अविधिमान्य घोषित किया जायेगा, यदि

(क) उसके पीठ पर रिटर्निंग अधिकारी का हस्ताक्षर निर्वाचन क्षेत्र मतदान केन्द्र का स्टाम्प न हो।

(ख) मतदाता मतपत्र पर अपने नाम का हस्ताक्षर कर दे अथवा उसपर कोई शब्द लिख दे या उसपर कोई ऐसा चिह्न लगा दे जिसके द्वारा उसका मत पहचानने योग्य हो जाय।

(ग) उस पर मतदान का निशान अभिलिखित न हो।

(घ) यह निर्णय करना अनिश्चित हो कि किसे मत दिया गया है।

(ङ) एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के सामने मतदान का चिह्न लगाया गया हो।

(च) मतदान के योजनार्थ उपबंधित स्थान से अलग स्थान पर मतदान चिह्न लगाया गया हो जहां दिये गये मत के संबंध में कोई विवाद या दुविधा उत्पन्न हो तो रिटर्निंग अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

32 अनवरत मतगणना:—रिटर्निंग अधिकारी, यथा व्यवहार्य मतगणना जारी रखेगा और यदि अपरिहार्य कारणों से मतगणना स्थगित करनी पड़े तो वह निर्वाचन से संबंधी मतपत्रों और सभी अन्य कागजात को अपनी मुहर से तथा ऐसे निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों की मुहर से मुहरबन्द कर देगा, जो अपनी मुहर लगाना चाहते हों, और उन्हें सुरक्षित अभिरक्षा के लिये पर्याप्त सावधानी से रखेगा।

33. पुनर्गणना—रिटर्निंग अधिकारी मतगणना के बाद स्वप्रज्ञान अथवा निर्वाचन लड़ने वाले किसी अभ्यर्थी या उसके मतगणना अभिकर्त्ता के निवेदन पर मतों की पुनर्गणना कर सकता है। रिटर्निंग अधिकारी का निर्णय इस संबंध में अंतिम होगा।

34. परिणाम की घोषणा—(1) मतों की गणना या पुनर्गणना यथास्थिति जब पूरी हो जाय तो रिटर्निंग अधिकारी भरे जाने वाले सीटों की संख्या के अनुरूप सफल अभ्यर्थी का परिणाम घोषित कर देगा।

(2) रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन का परिणाम एक पत्र द्वारा सफल अभ्यर्थियों को संसूचित कर देगा और उसकी एक प्रति अध्यक्ष।रजिस्ट्रार को भेज दी जायगी तथा ऐसे प्राप्त परिणाम रजिस्ट्रार द्वारा संकलित किये जायेंगें और राजपत्र में प्रकाशन के लिये राज्य सरकार के पास भेज दिये जायेंगे।

35. निर्वाचन सामग्रियों का मुहरबंद किया जाना तथा उनका परिरक्षण—रिटर्निंग अधिकारी परिणाम की घोषणा के बाद मतदान पत्रों तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों को मुहरबंद कर देगा और उसे छः महीने की अवधि के लिये अथवा निर्वाचन अर्जी पर निर्णय तक यदि कोई दाखिल की हो, परिषद् के कार्यालय में रखे जायेंगे।

36. प्राधिकारी जिसके पास निर्वाचन अर्जी प्रस्तुत की जायेगी—(1) परिषद् के कार्यालय में दो सौ रुपये जमा करने की रसीद के साथ निर्वाचन अर्जी अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी जिसे राज्य सरकार को अग्रसारित कर दिया जायेगा।

(2) राज्य सरकार सभी तथ्यों और परिस्थितियों की कड़ी जांच करने के बाद किसी भी भ्रष्ट आचरण अथवा पर्याप्त कारण से निर्वाचन को शून्य घोषित कर सकेगी तथा नया निर्वाचन कर सकेगी। राज्य सरकार का निर्णय इस नियम के अधीन अंतिम होगा।

भाग III

अध्यक्ष का निर्वाचन

37. अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया—(1) अध्यक्ष का निर्वाचन परिषद् की प्रथम बैठक में ही होगा।

(2)(क) रजिस्ट्रार रिटर्निंग अधिकारी के रूप में बैठक में उपस्थित सदस्यों से अध्यक्ष के पद के लिये रजिस्ट्रार द्वारा निर्गत नाम निर्देशन पत्र पर उनके नाम निर्देशनों की मांग करेगा। प्रत्येक ऐसा नाम निर्देशन अन्य सदस्य द्वारा समर्थित होगा :—

परन्तु यह कि कोई भी अभ्यर्थी समर्थक के रूप में कार्य नहीं करेगा उसी प्रकार किसी भी अभ्यर्थी का समर्थक अध्यक्ष के लिये अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं कर सकेगा।

(ख) कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष के पद के लिये निर्वाचन लड़ने हेतु तब तक योग्य नहीं होगा जबतक कि वह व्यावसायिक अनुभव का पन्द्रह वर्ष पूरा न कर लें।

(3) यदि अध्यक्ष के पद के लिये केवल एक ही व्यक्ति का नाम निर्देशन हो तो उसे अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित कर दिया जायेगा।

(4) यदि अध्यक्ष के पद के लिये एक से अधिक व्यक्तियों का नाम निर्देशन हो तो रजिस्ट्रार मत द्वारा निम्नलिखित रीति से मतदान संचालित करेगा:—

(क) सम्यक् रूप से संख्यांकित मतपत्र उपस्थित प्रत्येक सदस्य को दिया जायेगा जो उस पर उस व्यक्ति का नाम लिखेगा जिसे अध्यक्ष पद के लिये मत देना चाहते हैं। मोड़ा हुआ मतपत्र रजिस्ट्रार को हस्तगत करा दिया जायेगा।

(ख) उसके बाद रजिस्ट्रार प्रत्येक अभ्यार्थी द्वारा प्राप्त किये गये मतों की गणना करेगा और अध्यक्ष के रूप में उसे निर्वाचित अभ्यर्थी घोषित कर देगा जिसे अधिकतम मत प्राप्त हुआ हो।

(ग) यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी बराबर मत प्राप्त किये हो तो रजिस्ट्रार उस रीति से जिसे वह उचित समझे लाट्री द्वारा निर्णय करेगा और लाट्री द्वारा इस प्रकार निर्वाचित घोषित करेगा।

(घ) अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अपना व्यवसाय (प्रैक्टिस) छोड़ देगा और उसके बदले वह व्यवसाय निषेद भत्ते।वेतन जैसा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा के उसी श्रेणी के अधिकारियों को अनुमान्य हो, का हकदार होगा।

भाग IV

परिषद् का कामकाज

38. परिषद् की बैठकें—(1) परिषद् की बैठकें सामान्यतया तिमाही हुआ करेगी जिसका समय और स्थान अध्यक्ष परामर्श से रजिस्ट्रार द्वारा नियत किया जाये परन्तु यह कि अध्यक्ष किसी भी समय यदि आवश्यक समझें, पन्द्रह दिन की पूर्व सूचना देकर विशेष बैठक बुला सकेगा।

(2) रजिस्ट्रार सभी सदस्यों को डाक-प्रमाण-पत्र के अधीन एक पत्र द्वारा बैठक के बारे में बैठक की तारीख से कम-से-कम 15 दिन पूर्व अग्रिम सूचना देगा।

(3) किसी भी वित्तीय वर्ष में की गई परिषद् की अन्तिम बैठक उस वर्ष के लिये परिषद् की वार्षिक बैठक होगी।

39. बैठक की कार्यसूची—(1) रजिस्ट्रार बैठक की सूचना के साथ बैठक में लाये जाने वाले कागजात का वर्णन करते हुए एक प्रारंभिक कार्य सूची निर्गत करेगा।

(2) कोई भी सदस्य, जो कार्य सूची में सम्मिलित नहीं हो, में कोई प्रस्ताव लाने अथवा उसमें सम्मिलित किसी मद में संशोधन का इच्छुक हो तो उसकी सूचना वह रजिस्ट्रार को बैठक के लिए नियत तारीख से कम-से-कम सात दिन पूर्व देगा। इच्छित प्रस्ताव संशोधन का विवरण सूचना के साथ रजिस्ट्रार को भेजा जायेगा।

(3) विशेष बैठक के मामले में रजिस्ट्रार बैठक में लाये जानेवाले काम काज का वर्णन करते हुए बैठक की सूचना के साथ पूर्ण कार्य सूची बैठक के लिए नियत तिथि से कम-से-कम सात दिन पूर्व निर्गत करेगा।

(4) परिषद की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा अथवा उसकी अनुपस्थिति में परिषद् के वरीयतम सदस्य द्वारा की जायेगी।

40. बैठक का गणपूर्त्ति—(1) परिषद् के कुल सदस्यों के आधे से अधिक की उपस्थिति परिषद् की बैठक के लिए गणपूर्त्ति होगी।

(2) बैठक तब तक आरंभ नहीं होगा जबतक कि गणापूर्त्ति पूरा न हो। यदि बैठक के लिए नियत समय से तीस मिनट की समाप्ति के बाद भी गणापूर्त्ति पूरा नहीं होती हो तो उसी तिमाही के ऐसी तारीख के लिए बैठक स्थगित कर दी जायगी जो अध्यक्ष के परामर्श से रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की जाय। परन्तु यह कि यदि ऐसी बैठक में भी अपेक्षित गणापूर्त्ति पूरा न हो तो गणपूर्त्ति के अभाव में बैठक स्थगित नहीं की जायगी और उसी दिन तीस मिनट की समाप्ति के बाद गणापूर्त्ति के विचार किये बिना बैठक की जायेगी।

41. बैठक की कार्यवाहियां—बैठक की कार्यवाही।कार्यवृत्त रजिस्ट्रार द्वारा तय की जायेगी और अधिप्रमाणन के लिए सात दिन के भीतर अध्यक्ष के पास भेज दी जायगी इसके बाद रजिस्ट्रार उसकी एक-एक प्रति प्रत्येक सदस्य को पन्द्रह दिनों के भीतर भेज देगा।

भाग V

कार्यकारिणी और अन्य समितियां

42. समितियों का गठन—(1) अधिनियम की धारा 40 के अधीन परिषद अपने सदस्यों में ऐसे विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिये जो परिषद द्वारा उसे समन्वेषित किये जायें, कार्यकारिणी समिति का गठन कर सकेगी। परिषद कार्यकारिणी समिति के निवेदन पर विशेष आमंत्रण के रूप में कार्यकारिणी समिति को परामर्श देने हेतु विशेष अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर सकेगी।

(2) परिषद अपने रजिस्ट्रीकृत पशु चिकित्सा व्यवसायियों में से ऐसे प्रयोजनों के लिए समितियों का गठन करेगी जिन्हें वह आवश्यक समझे। परिषद् समिति के निवेदन पर विशेष आमंत्री के रूप में सचिव को परामर्श देने हेतु विशेष अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर सकेगी।

(3) इस नियम के उप-नियम (1) और (2) के अधीन विशेष आमंत्री को मत देने का अधिकार नहीं होगा।

(4) इस प्रकार गठित कार्यकारिणी समिति।समितियों का अध्यक्ष इस समिति के गठन के समय परिषद् द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।

(5) परिषद् द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित अपना प्रतिवेदन विसम्मतियों की टिप्पणी के साथ, यदि कोई हो रजिस्ट्रार को देगी। रजिस्ट्रार ऐसे प्रतिवेदन के प्राप्त होने पर परिषद् की अगली बैठक के समक्ष उसे प्रस्तुत करेगा, जहां उस पर अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

भाग VI

रजिस्ट्रीकरण

43. रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन—प्रत्येक व्यक्ति, जिसकी आयु 21 वर्ष हो चुकी हो और इस अधिनियम को प्रथम और द्वितीय अनुसूची वर्णित पशुचिकित्सा विज्ञान में मान्यता प्राप्त डिग्री या डिप्लोमा धारित करता हो और अन्यथा निरर्हता प्राप्त नहो, विहित प्रपत्र संख्या-10 में स्वयं सम्यक रूप से भर कर तथा हस्ताक्षर करके औपबंधिक प्रमाण-पत्र की नकल प्रति के साथ रजिस्ट्रार के पास आवेदन करेगा। प्रत्येक आवेदन को अद्यतन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो फ्रौन्ट पोज बस्ट की चार प्रतियां एक आवेदन प्रपत्र, एक राज्य पशु चिकित्सक पंजी, एक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र तथा एक पहचान पत्र के लिए देगा।

44. रजिस्टर का पहली बार तैयार किया जाना—(1) राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा एक तारीख निर्धारित करेगी जिस तारीख को या उसके प्रपत्र सं०-10 में रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र मात्र 25 (पच्चीस रुपये) की विहित शुल्क के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकरण के पास जमा करेगा।

(2) अधिनियम की धारा 45 के उपधारा (3) एवं (4) के अधीन लिए गये निर्णय के अनुसार रजिस्ट्रार ऐसे पशुचिकित्सा व्यवसायियों की पंजी में दर्ज कर लेगा और इसके बाद प्रपत्र संख्या 12 में एक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र निर्गत करेगा।

(3) परिषद् की स्थापना होने पर अधिनियम की धारा-45 के अधीन तैयार की गई पंजी रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राप्त आवेदन शुल्क के साथ रजिस्ट्रार की अभिरक्षा-में दे दी जायेगी।

45. पंजी का अनुरक्षण—रजिस्ट्रार द्वारा प्रपत्र संख्या-11 में एक राज्य पशुचिकित्सक पंजी अनुरक्षित की जायेगी तथा उसका प्रत्येक पृष्ठ क्रमवार संख्यांकित किया जायेगा।

46. पंजी में नाम दर्ज किया जाना—राज्य के पशु चिकित्सा व्यवसायी के नाम पंजी में उस क्रम से दर्ज किये जायेंगे जिस क्रम से रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन स्वीकृत किये गये हों। और भविष्य में की जानेवाली प्रविष्टि में अर्हताओं आदि में जोड़ने एवं परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त जगह छोड़ दी जायेगी। पंजी का प्रत्येक पृष्ठ और विनिर्दिष्ट कर रजिस्ट्रार का हस्ताक्षर होगा। इस प्रकार रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक पशु चिकित्सक का पासपोर्ट आकार का अद्यतन फोटो उपबंधित जगह पर चिपका दिया जायेगा।

47. रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाना—रजिस्ट्रार प्रत्येक पशु चिकित्सा व्यवसायी के रजिस्ट्रीकरण के बाद रजिस्ट्रीकृत पशु चिकित्सक को प्रपत्र संख्या 12 में रजिस्ट्रीकरण की प्रमाण-पत्र निर्गत करेगा जो पशु चिकित्सा व्यवसायियों द्वारा अपने व्यवसाय के परिसर में समुचित तथा यथोचित रूप से प्रदर्शित कराया जायेगा।

48. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति का निर्गमन—रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के खो जाने या नष्ट हो जाने पर उसका धारक उस समय के दौरान जिस समय तक के लिए वह प्रमाण-पत्र विधिमान्य हो, किसी भी समय अधिनियम की धारा 54 के अधीन विहित शुल्क के रूप में (मात्र 10 रुपये) का भुगतान करके प्रपत्र संख्या-13 में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति के लिए रजिस्ट्रार के पास आवेदन कर सकेगा। रजिस्ट्रार का अपना समाधान हो जाने पर प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति देगा। इस नियम के अधीन निर्गत प्रमाण-पत्र पर दूसरी प्रति चिन्हित कर दिया जायेगा।

49. औपबंधिक रजिस्ट्रीकरण—

(1) परिषद् डिग्री हेतु शैक्षणिक योग्यता के पूरा करनेवाले वैसे स्नातकों को औपबंधिक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण निर्गत करेगी।

(2) किसी स्नातक को औपबंधिक प्रमाण-पत्र के बिना इन्टरनी।हाउसमैन के रूप में योगदान देने की अनुमति न दी जायेगी।

(3) स्नातक, रजिस्ट्रार के पास औपबंधिक रजिस्ट्रकरण प्रमाण-पत्र के लिए प्रपत्र संख्या 10 में प्राचार्य या पशुचिकित्सा महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष के माध्यम से जहां से अपनी शैक्षणिक योग्यता पूरा किये हों, आवेदन करेगा। आवेदन-पत्र पर बड़े अक्षरों में "औपबंधिक रजिस्ट्रीकरण हेतु" अंकित रहेगा।

(4) औपबंधिक प्रमाण-पत्र प्रपत्र संख्या 12 में निर्गत किया जायेगा जिसमें औपबंधिक प्रमाण-पत्र अंकित रहेगा।

(5) औपबंधिक प्रमाण-पत्र इन्टर्नशिप।हाउसमैनशीप की अवधि के लिए ही वैद्य होगी।

(6) स्नातकों के इन्टर्नशिप।हाउसमैनशीप के पूरा होने के पश्चात् परिषद् में रजिस्ट्रीकरण के लिए विचार किया जायेगा और रजिस्ट्रीकरण आवेदन के साथ औपबंधिक प्रमाण-पत्र को अभ्यर्पित करेगा।

50. रजिस्ट्रीकरण का अन्तरण—

(1) अन्य राज्यों के ऐसे रजिस्ट्रीकृत पशुचिकित्सा व्यवसायी जो इस राज्य में पशुचिकित्सा व्यवसाय करना चाहते हों, अधिनियम की धारा 52 में इस निमित विहित मात्र पन्द्रह रुपये के शुल्क का भुगतान करके अपने राज्य के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के साथ प्रपत्र संख्या-10 में आवेदन-पत्र बिहार राज्य पशुचिकित्सक पंजी में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत करने हेतु आवेदन कर सकेगा। रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रीकरण के पूर्व अपना समाधान कर लेगा कि उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित नहीं है अथवा किसी कारण से उसे यह प्रतीत हो कि अन्तरण के लिए आवेदन सद्भाव पूर्वक नहीं है, तो वह रजिस्ट्रीकरण अन्तरण आवेदन अस्वीकार कर सकेगा:

(2) जब इस राज्य का रजिस्ट्रीकृत पशुचिकित्सा व्यवसायी अन्य राज्य में पशुचिकित्सा व्यवसाय करना चाहे तो वह मात्र 15 (पन्द्रह) रुपये के शुल्क का भुगतान कर के प्रपत्र संख्या 14 में अपने नाम के अन्तरण के लिए आवेदन कर सकेगा। रजिस्ट्रार ऐसे आवेदन पर समुचित जाँच करने के बाद राज्य पशुचिकित्सक पंजी से उस व्यक्ति का नाम हटा देने की स्वीकृति देगा और अन्य राज्य में उसके नाम की प्रविष्टि हेतु अनुशंसा करेगा।

(3) रजिस्ट्रार ऐसे आवेदन पर अनुशंसा करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेगा कि परिषद् के सभी बकाये, यदि कोई हो, आवेदक द्वारा चुका दिये गये हों।

(4) रजिस्ट्रार गहन समीक्षा के उपरांत अंतरण के मामलों का विनिश्चय करेगा और प्रपत्र संख्या 12 में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र निर्गत करेगा। परन्तु यह कि पशुचिकित्सा व्यवसायी आवेदक अहित आचरण का दोषी और सजा प्राप्त पाया जाये अथवा उसका नाम किसी व्यतिक्रम के कारण राज्य पशु चिकित्सक पंजी से हटाया गया हो तो उस मामले में रजिस्ट्रार परिषद् के समक्ष सम्पूर्ण तथ्यों को रखेगा और परिषद् सम्पूर्ण तथ्यों पर विचार करेगी तथा व्यवसायी पशुचिकित्सक आवेदक की सुनवाई को युक्तियुक्त अवसर प्रदान करके अन्तिम निर्णय लेगी।

51. रजिस्ट्रीकरण, नवीकरण आदि—

(1) ऐसे रजिस्ट्रीकृत पशु चिकित्सा व्यवसायी जिनके नाम पंजी से रद्द या हटाये नहीं गये हों, रजिस्ट्रीकरण की तिथि से पांच वर्षों के लिये यथा विहित अधिनियम की धारा-48 के अधीन विधिमान्य होंगे।

(2) अपने रजिस्ट्रीकरण का नवीकृत कराने का इच्छुक पशु चिकित्सा व्यवसायी पाँच वर्षों के पूरा होने के कम से कम दो माह पूर्व अधिनियम की धारा 48 में इस निमित्त विहित मात्र 15 (पन्द्रह रुपये की नवीकरण शुल्क के साथ प्रपत्र संख्या 15 में आवेदन रजिस्ट्रार के पास देगा।)

(3) रजिस्ट्रार ऐसे पशु चिकित्सा व्यवसायी को देय तिथि के पूर्व नवीकरण शुल्क के भुगतान हेतु नोटिस दे सकेगा। यदि पशु चिकित्सा व्यवसायी नवीकरण शुल्क देय तिथि तक जमा नहीं करते हैं तो एक रुपये प्रति दिन की दर से भुगतान की तिथि तक विलम्ब शुल्क लिया जायगा जो रजिस्ट्रीकरण नवीकरण की तिथि के पश्चात नहीं होगा और उनका नाम पंजी से हटा दिया जायेगा ;

परन्तु यह कि उस प्रकार हटाये गये नाम अधिनियम की धारा 48 के अधीन मात्र 15 (पन्द्रह) रुपये केवल सामान्य नवीकरण शुल्क के अतिरिक्त अधिनियम की धारा 50 में इस निमित्त विहित मात्र 25 (पचीस) रुपये विहित शुल्क का भुगतान करके प्रपत्र संख्या 16 में पशु चिकित्सा व्यवसायी द्वारा आवेदन करने पर पंजी में पुन: दर्ज किया जा सकेगा।

52. राज्य पशु चिकित्सक पंजी के प्रतियों की आपूर्त्ति---रजिस्ट्रार, प्रपत्र संख्या 17 में रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की मांग पर मात्र 10 (दस) रुपये के विहित शुल्क के भुगतान पर पंजी की मुद्रित प्रति आपूरित करेगा।

53. व्यवसायी पंजी में प्रविष्टियां---व्यवसायी पंजी में निम्नलिखित प्रविष्टियां वर्षवार दर्ज की जायगी:---

(क) व्यवसायियों की कुल संख्या;

(ख) वर्ष के दौरान रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों की संख्या;

(ग) पंजी में रद्द किये गये भिन्न व्यवसायियों की संख्या

(घ) पंजी से रद्द किये गये व्यवसायियों की संख्या और नियम जिसके अधीन वह रद्दीकरण किया गया हो;

(ङ) मृत्यु अथवा अन्यथा निरहर्ता प्राप्ति के कारण हटाये गये व्यवसायियों की संख्या।

54. पंजी के नामों का रद्दीकरण---(1) परिषद् ऐसे किसी भी व्यवसायी का नाम पंजी से रद्द कर सकेगी जो परिषद् द्वारा अपेक्षित ऐसी जानकारी रजिस्ट्रार को परिषद द्वारा निश्चित की गयी कालावधि के भीतर न देता हो।

(2) परिषद् ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों के नाम पंजी से रद्द कर सकेगी जिसका नाम किसी विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय अथवा अन्य निकाय जिससे वह व्यक्ति मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा की अर्हता प्राप्त की हो, के पंजी अथवा अभिलेख के क्रमांक से उस आधार पर हटा दिया गया हो जिस आधार पर वह रजिस्ट्रीकृत हुआ था और उस व्यवसायी को निर्गत कोई भी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र इस रद्दीकरण की तिथि को स्वत: रद्द समझा जायेगा।

भाग VII

शुल्क और भत्ते

55. प्रभार्य शुल्क और प्रपत्र का मूल्य---(1) अधिनियम में संशोधन अथवा उपान्तर के अधीन रहते हुए नीचे विनिर्दिष्ट विषयों के लिये निम्नलिखित प्रभार्य होंगे:---

(क) प्रथम रजिस्ट्रीकरण के लिये 25 (पच्चीस) रुपये ;

(ख) रजिस्ट्रीकरण नवीकरण/अन्तरण के लिये 15 (पन्द्रह) रुपये;

(ग) राज्य पशु चिकित्सक पंजी में पुन: स्थापन के लिये 25 रुपये;

(घ) नवीकरण शुल्क के न भुगतान होने के कारण हटाये जाने के बाद पंजी में नाम पुन: दर्ज के लिये 15 रुपये;

(ङ) राज्य पशु चिकित्सक पंजी की मुद्रित प्रति निर्गत करने के लिये 10 रुपये;

(च) द्वितीयक प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये 10 रुपये

(2) राज्य सरकार के परामर्श से परिषद् द्वारा उपान्तर अथवा संशोधन के अधीन रहते हुए प्रपत्रों के मूल्य निम्न अनुसार होंगे:—

प्रपत्र संख्या	मूल्य	नियम संख्या
2	10	7(1)
3	10	8(2)
4	50	13(1)
10	250	48, 49(3)
13	100	48
14	100	50(2)
15	200	51(2)
16	150	51(3)
17	75	52
19	250	84
20	50	94

56. बैठक में शामिल होने के लिये भत्ते—(1) परिषद् के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के साथ-साथ समितियों के सदस्यों को यदि वे सरकारी सेवक हों तो परिषद् और समितियों की बैठक में भाग लेने के लिये जिस स्रोत से वे अपने वेतन की निकासी करते हैं उसी स्रोत से सरकार के नियमावली के अधीन अनुमान्य यात्रा-भत्ता, दैनिक भत्ते की निकासी करेंगे।

(2) अध्यक्ष और परिषद् के अन्य सदस्यों के साथ-साथ समितियों को जो सरकारी सेवक न हों परिषद् की निधि से बिहार सरकार के श्रेणी 1 के पदाधिकारियों के समान अनुमान्य यात्रा-भत्ता तथा दैनिक भत्ता भुगतेय होगा।

(3) बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों के लिये राज्य सरकार के नियमानुसार चाय तथा अल्पाहार का उपबंध किया जायेगा।

57. पंजी से नाम का हटाया जाना—परिषद् के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई व्यवसाय परिषद् द्वारा अथवा परिषद् द्वारा गठित समिति अथवा उप-समिति द्वारा जांच के बाद यदि निम्नलिखित में से किसी आधार पर अधिनियम की धारा 49 के अधीन दोषी पाया जाय:—

(क) कि उसका नाम राज्य पशु चिकित्सा पंजी में गलत दुर्व्यपदेशन अथवा किसी तात्विक तथ्य के छिपाने के कारण प्रविष्टि किया है; या

(ख) कि वह नैतिक अधमता अन्तर्वलित करने वाले अथवा कारावास से दंडनीय किसी अपराध के लिये सिद्ध ठहराया गया है या वह कोई वृतिक संबंधी गलत आचरण के लिये दोषी ठहराया गया है या वह वृतिक संबंधी गर्हित आचरण के लिये दोषी पाया गया है या उसने वृतिक आचरण और शिष्टाचार का मानक तथा आचार संहिता (विनियम 1992) के अनुरूप की जायेगी। किन्तु परिषद् द्वारा पारित आदेश तबतक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि उस तारीख के बाद तीन माह बीत न जाये अथवा कोई अपील, यदि कोई हो, अंतिम रूप से निपटा न ली जाय जो भी तिथि बाद का हो, जैसा कि अधिनियम की धारा 49 की उप-धारा (5) में विहित है।

भाग-VIII

वित्त और लेखा

58. वित्तीय वर्ष—इस नियमावली के अधीन वित्त और लेखा के प्रयोजन से वित्तीय वर्ष पहली अप्रील को आरम्भ और अगले वर्ष 31वीं मार्च को अन्त होगा।

59. परिषद् के वित्तीय स्रोत—परिषद् ऐसे वार्षिक अनुदान जो समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किया जाय, रजिस्ट्रीकरण के देय प्रमाण पत्र शुल्क इसके प्रपत्रों, प्रतिवेदनों, प्रकाशनों के विक्रय आगम तथा अन्य विधि प्राप्तियों से प्राप्त करेगी। परिषद् भारतीय और विदेशी संगठनों और लिमिटेड कम्पनियों से उपकृति और अंशदान भी प्राप्त कर सकेगी। ये सभी प्राप्तियां परिषद् की लेखा में जमा की जायेगी।

60. शुल्क—परिषद् पशु चिकित्सा व्यवसायियों से ऐसे शुल्क प्राप्त कर सकेगी जो नियम 55 के अन्तर्गत विहित हैं।

61. परिषद का वित्तीय सम व्यवहार।जब तक राज्य सरकार का कोई अन्यथा आदेश न हो परिषद् का बैंकर भारतीय स्टेट बैंक अथवा कोई अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक होगा। परिषद् के सभी निधियों से रजिस्ट्रार तथा कोषाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर के अधीन चेक के माध्यम से निकासी की जायेगी। चेक बुक रजिस्ट्रार की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रहेगी।

62. निधि का विनिधान—परिषद् की अधिशेष निधि का विनिधान रजिस्ट्रार तथा कोषाध्यक्ष की अनुशंसा तथा परिषद् की पूर्व स्वीकृति से निम्नलिखित रीति से की जायेगी:—

(1) किसी राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के कथन पत्र, स्टॉक अथवा अन्य प्रतिभूतियों में; अथवा
(2) रेलवे अथवा अन्य कम्पनियों के स्टौक, डिवेन्चर वाहिस्सों में जिसका ब्याज किसी राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा गारन्टीकृत हो; अथवा
(3) भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक में सावधि जमों में; अथवा
(4) समय-समय पर राज्य सरकार के परामर्श से परिषद् अपने निधि का विनिधान नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट एवं बैंकों के शेयर इत्यादि के क्रय में करेगी।

63. प्राप्तियों की सुरक्षित अभिरक्षा—परिषद् की निधि के सभी विनिधान परिषद् के नाम से किये जायेंगे। कोषाध्यक्ष सभी प्राप्तियों और कागजात का अभिरक्षक होगा तथा रजिस्ट्रार वर्ष में कम-से-कम एक बार या जब जैसे अपेक्षित हो उसे सत्यापित कर लेगा और सत्यापन का प्रमाण-पत्र उसके द्वारा पंजी पर अभिलिखित किया जायगा और अध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होगा।

64. प्राक्कलन की तैयारी—कोषाध्यक्ष रजिस्ट्रार के परामर्श से अगले वित्तीय वर्ष के लिये एक विस्तृत बजट प्राक्कलन तैयार करेगा और प्रत्येक वर्ष के 31 दिसम्बर के पूर्व इस प्रयोजनार्थ होने वाली बैठक में परिषद् को मंजूरी के लिये इसे प्रस्तुत करेगा। परिषद् द्वारा अनुमोदित किये गये बजट प्राक्कलन की एक प्रति 31 दिसम्बर तक राज्य सरकार के अनुमोदन के लिये भेज दी जायेगी।

65. स्वीकृति की शक्ति—रजिस्ट्रार को प्रत्येक मामले में मात्र 500 (पांच सौ) रुपये तक विधि एवं आकस्मिक प्रकृति के व्यय की मंजूरी देने की शक्ति होगी। पांच सौ रुपये से अधिक परन्तु 1,500 रुपये के अन्दर व्यय के हर मामले अध्यक्ष की स्वीकृति की आवश्यकता होगी और मात्र 1,500 (एक हजार पांच सौ) रुपये से अधिक के लिये परिषद् की स्वीकृति आवश्यक होगी।

66. व्यय—परिषद् की कोई भी रकम ऐसे मद पर खर्च नहीं की जायगी जो यथास्थिति, परिषद् के अध्यक्ष या रजिस्ट्रार द्वारा सम्यक रूप से स्वीकृत न की गयी हो।

67. पुनर्विनियोग—अध्यक्ष को रजिस्ट्रार के परामर्श से परिषद् के अनुमोदन के अधीन रहते हुए कुल स्वीकृत किये गये प्राक्कलन के अन्तर्गत एक विनियोग निधि से अन्य विनियोग निधि की इकाई में पुनर्विनियोग करने की शक्ति होगी ;

परन्तु वह किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिये दी गयी निधि, निधि देने वाले प्राधिकारी अथवा व्यक्ति की पूर्व अनुमति के बिना पुनर्विनियोजित नहीं की जायेगी। जहां तक परिषद् की प्रतिभूतियों का संबंध है, पुनर्विनियोग की शक्ति परिषद् के पास ही रहेगी।

68. स्थायी अग्रिम—रजिस्ट्रार के पास मात्र 1,000 (एक हजार) रुपये की स्थायी अग्रिम रहेगा।

69. अनुप्रमाणन अधिकारी—रजिस्ट्रार परिषद् के सदस्य तथा कर्मचारियों के यात्रा, विराम और अन्य भत्तों के लिये तथा अध्यक्ष, रजिस्ट्रार के लिये अनुप्रमाणन अधिकारी होगा।

70. लेखा पंजी---(1) परिषद् की निम्नलिखित सेवा पंजी अनुरक्षित की जायेगी:---

(क) रोकड़ बही;
(ख) प्रतिभूति पंजी;
(ग) उपस्कर। भंडार की स्टौक पंजी;
(घ) चेक बुक पंजी;
(ङ) छुट्टी, पेंशन अंशदान पंजी;
(च) स्थायी अग्रिम पंजी;
(छ) साहाय्य अनुदान पंजी;
(ज) वेतन पंजी;
(झ) वार्षिक लेखा पंजी;
(ञ) वर्गीकृत सारांश पंजी;
(ट) पत्र प्राप्ति पंजी;
(ठ) पत्र निर्गत पंजी;
(ड) स्टाम्प पंजी;
(ढ) गार्ड फाईल;
(ण) आदेश पुस्तिका;
(त) आवश्यकतानुसार कोई अन्य पंजी।

(2) उपर्युक्त पंजियां राज्य सरकार के कार्यालयों में उपयोग में लायी जाने वाली तालिका और रीति के अनुसार रखी जायगी और अनुरक्षित की जायगी।

(3) परिषद् के लेखा का वार्षिक अंकेक्षण महालेखाकार, बिहार द्वारा किया जायेगा।

(4) वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन परिषद् के समक्ष रखा जायेगा और इसके अनुमोदन के बाद अध्यक्ष के हस्ताक्षर के अधीन परिषद् के प्रतिवेदन के साथ राज्य सरकार को भेज दिया जायेगा।

71. वार्षिक अनुदान---राज्य सरकार समय-समय पर परिषद् को वार्षिक अनुदान उपलब्ध करायेगी।

भाग-IX

परिवाद निपटारे का ढंग, नाम का हटाया जाना तथा पुन: स्थापन आदि

